राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

श्री कलराज मिश्र ने राजस्थान के राज्यपाल पद की शपथ ली

इक्कीसवें राज्यपाल हैं श्री कलराज मिश्र

जयपुर, 09 सितम्बर। राजस्थान के मनोनीत राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने सोमवार को दोपहर 1:10 बजे राज भवन में राजस्थान के राज्यपाल पद की शपथ ली। श्री मिश्र ने हिन्दी में ईश्वर के नाम पर राज्यपाल पद की शपथ ली। श्री कलराज मिश्र राजस्थान के इक्कीसवें राज्यपाल हैं।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री रविन्द्र एस. भट्ट ने श्री मिश्र को राज्यपाल पद की शपथ दिलाई। मुख्य सचिव श्री डी.बी. गुप्ता ने राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविन्द द्वारा जारी राज्यपाल की नियुक्ति का वारंट पढ़कर सुनाया। शपथ लेने के बाद राज्यपाल श्री कलराज मिश्र को राजभवन में गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल की धर्मपत्नी श्रीमती सत्यवती मिश्रा सहित उनके परिजन मौजूद थे।

इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत, विधानसभा अध्यक्ष श्री सी.पी. जोशी, उप मुख्यमंत्री श्री सचिन पायलट, केन्द्रीय मंत्रीगण, राज्य मंत्री मण्डल के सदस्यगण, विधानसभा में प्रतिपक्ष नेता श्री गुलाब चंद कटारिया, पूर्व राज्यपाल, पूर्व मुख्यमंत्री, जन प्रतिनिधिगण, न्यायाधीशगण, प्रशासन व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारीगण सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

संक्षिप्त परिचय– श्री कलराज मिश्र

श्री कलराज मिश्र का जन्म 1 जुलाई, 1941 को उत्तर प्रदेश में गाजीपुर जिले के मलिकपुर सैदपुर ग्राम में हुआ। श्री मिश्र ने वाराणसी में महात्मा गांधी विद्यापीठ से एम.ए. की शिक्षा प्राप्त की।

किसान एवं सामाजिक कार्यकर्त्ता श्री मिश्र तीन बार राज्य सभा सदस्य रहे। वे उत्तर प्रदेश विधानसभा के भी तीन बार सदस्य रहे। श्री मिश्र 27 मई, 2014 से 2 सितम्बर, 2017 तक लघु एवं मध्यम एन्टरप्राइजेज विभाग के केन्द्र में मंत्री रहे। श्री मिश्र संसद व उत्तर प्रदेश विधानसभा की विभिन्न समितियों के सदस्य भी रहे हैं।

समाज सेवा में प्रारंभ से ही सक्रिय रहे श्री कलराज मिश्र के विधायी जीवन की शुरूआत वर्ष 1978 में राज्यसभा के सदस्य चुने जाने के साथ हुयी। वर्ष 1997 में श्री मिश्र उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री भी रहे।

——

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल